स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 28.11.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के निर्देशानुसार निःशक्तजन सशक्तिकरण अभियान के द्वितीय चरण में नगर पालिक निगम के सभी जोन 06 कार्यालय में आज दिव्यांगों के लिए शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में माध्यम से दिव्यांगों के मांग अनुसार आवेदन जमा कराये जायेंगे तथा इसका लाभ उन्हे प्रदान किया जायेगा। आज विभिन्न प्रकार के मांग अनुरुप कुल 394 दिव्यांगों के द्वारा आवेदन फार्म जमा किया गया।

नगर निगम भिलाई के समस्त जोन कार्यालय में आयोजित शिविर में दिव्यांगों के द्वारा दिव्यांग प्रमाण–पत्र नया/नवीनीकरण 48, समर्थ/स्वास्थ्य कार्ड हेतु कुल प्राप्त आवेदनों की संख्या 19, स्मार्ट कार्ड हेतु 37, मुख्यमंत्री संजीवनी कोष, विकलांग पेंशन 01, सामाजिक सुरक्षा पेंशन 11, दिव्यांग छात्रवृत्ति, सहायक उपकरण के अंतर्गत– ट्रायसायकल 02, बैसाखी, श्रवण यंत्र 01, ब्रेलकिट, व्हील चेयर 01, टेप रिकार्डर, कैलीपर्स, श्वेत छड़ी, नकली हाथ पैर, दिव्यांग जूता, बैटरी चलित ट्रायसायकल 04, स्व रोजगार हेतु दिव्यांग ऋण 17, परिचय पत्र एवं पासबुक 38, निरामण बीमा योजना 01, दिव्यांग राशनकार्ड 14, दिव्यांग ऑनलाईन पंजीयन 27, कौशल विकास योजना 04, रेलवे पास हेतु 07, बस पास 16 कुल 394 आवेदन फार्म जमा किया गया।

शिविर में समस्त जोन के जोन आयुक्त, सहायक राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता एवं निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी